# सुरक्षित व सुव्यवस्थित कांवड़ यात्रा के लिए प्रशासन सक्रिय

## मुनिकीरेती क्षेत्र का जिलाधिकारी और एसएसपी ने किया संयुक्त निरीक्षण

■ व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के निर्देश, बैरिकेडिंग से लेकर स्वच्छता तक सख्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** आगामी कांवड़ यात्रा के मद्देनजर मुनिकीरेती क्षेत्र में सुरक्षा और सुविधा व्यवस्थाओं को लेकर मंगलवार को जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ढालवाला की पार्किंग में लाइटिंग, पेयजल, और शहर में लगे कैमरों के डीवीआर रूम की स्थिति का गहनता से जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को जमीन की लेवलिंग, शौचालयों की व्यवस्था, सफाई, और डस्टबिन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। पुलिस को शाम तक पूरे क्षेत्र में बैरिकेडिंग का काम पूरा करने का आदेश दिया गया है।

निरीक्षण के दौरान जब अधिकारियों की टीम ढालवाला पहुंची, तो सिंचाई विभाग द्वारा वहां चल रहे नाली निर्माण कार्य पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने तत्काल नालियों को बंद कर कांवड़ियों के आवागमन हेतु रास्तों की पूरी तरह सफाई कराने को कहा।

रामझूला क्षेत्र के निरीक्षण में जिलाधिकारी ने आश्रमों से निकलने वाले कचरे की स्थिति की जानकारी ली और एसडीएम नरेंद्रनगर आशीष घिड़ियाल को निर्देशित किया कि वे शिवानंद घाट पर स्थित निजी आश्रमों से समन्वय कर प्राइवेट घाटों पर सुरक्षा के लिए चौन और बैरिकेड की व्यवस्था कराएं। इस दौरान एई अश्विनी यादव ने बताया कि रामझूला




पर ग्रीन क्लोथ व्यू कटर लगाया गया है, ताकि लोग सेल्फी लेने के लिए रुकें नहीं और यातायात में बाधा उत्पन्न न हो।

शत्रुघ्न घाट के निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई, कमल सिंह ने जानकारी दी कि घाट पर 120 नई चौन लगाई गई हैं। जिलाधिकारी ने घाट की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करते हुए जल पुलिस के ठहरने के लिए प्री-फैब्रिकेटेड शेड बनाने के निर्देश दिए।

जानकी सेतु पर हुए निरीक्षण में लाइटिंग, सफाई, संकेतक बोर्ड और नशे के विरुद्ध फ्लेक्सी लगाने के निर्देश ईओ मुनिकीरेती को दिए गए। सिंचाई विभाग के ईई कपिल चौहान ने जानकारी दी कि व्यू कटर के लिए सीजीआई शीट लगाई जा रही है। पार्किंग व्यवस्था के तहत नगर निगम के ईओ को निर्देश दिए गए कि पूर्णानंद स्टेडियम के खाली मैदान को व्यवस्थित कर पार्किंग के रूप में उपयोग में लाया जाए और अतिक्रमण हटाने के लिए पुलिस से समन्वय किया जाए।

यात्रा मार्ग पर स्थित ढाबों और होटलों में मानकों की जांच के दौरान जिलाधिकारी ने सुरक्षा, फूड लाइसेंस, और रेट लिस्ट की स्थिति को देखा। उन्होंने स्पष्ट किया कि होटल के नाम और होटल स्वामी के नाम स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किए जाएं। ओवररेटिंग की शिकायत आने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, मांसाहार से संबंधित नियमों का सख्ती से पालन कराना सुनिश्चित करने को भी कहा गया।

इस महत्वपूर्ण निरीक्षण में एसडीएम नरेंद्रनगर आशीष घिड़ियाल, सीओ सुरेंद्र सिंह भंडारी, तहसीलदार अयोध्य उनियाल, खाद्य पूर्ति अधिकारी मनोज डोभाल, ईई अमित आनंद सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गायत्री परिवार के कलश यात्रा का उत्तरकाशी में हुआ भव्य स्वागत

**उत्तरकाशी:** अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्ति कुंज हरिद्वार की संस्थापिका माता भगवती देवी शर्मा जी के शताब्दी वर्ष व अखंड ज्योति दीपक के शताब्दी वर्ष के अवसर पर एक क्लश यात्रा का शिव नगरी उत्तरकाशी में भव्य स्वागत किया गया है। गौरतलब है कि यह क्लश यात्रा संपूर्ण भारतवर्ष में घूम रहा है ।

उक्त जानकारी देते हुए गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी यशपाल सिंह पयाल ने बताया कि मंगलवार को क्लश यात्रा बह्मखाल से यमुना घाटी बड़कोट के लिए प्रस्थान किया व स्वागत जगह-जगह लोगों ने फूल मालाओं के साथ किया।

वहीं बड़कोट पहुंचने पर गायत्री परिवार बड़कोट ने ढोल बजाओ व फूल मालाओं के साथ रथ का स्वागत किया वह कहा कि गायत्री परिवार के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए काम करने का संकल्प लिया हम हम बदलेंगे युग बदलेगा हम सुधरेंगे युग बदलेगा के जय हो सुख साथ आज जमुना घाटी घुस गई वह आचार्य श्रीराम शर्मा की जय के साथ सभी लोगों ने गायत्री परिवार के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। वहीं क्लश यात्रा प्रभारी डी सी मैकुरी ने बताया कि विगत चार माह से यह कलश गढ़वाल मंडल मे भ्रमण कर रहा है व गायत्री परिवार के उद्देश्य को जन जन तक पहुचाने के लिए गांव गांव जा रहा है उत्तरकाशी जनपद में भी चार दिन तक यह कलश विभिन्न गांवों में पहुंच रही जहां इस क्लश यात्रा का भव्य स्वागत इस किया गया है ।

वरिष्ठ गायत्री परिजन मदन पैन्यूली व शान्ति प्रसाद बेलवाल ने बताया कि आचार्य श्री राम शर्मा जी की तपस्थली उत्तरकाशी में क्लश पुजन बड़कोट बजार में किया व नगर में भ्रमण में कलश का जगह-जगह स्वागत पूजन किया । व्यापारियों ने भी साथ मिलकर भी कलश पूजन किया । इस अवसर पर गम्भीर फरसवाण, अर्जुन नेगी ,वी पी बंधानी , डीसी मैखुरी ,यशपाल पयाल, नरेश अग्रवाल , संजय अग्रवाल , सीता राम गोड ,शान्ति प्रसाद बेलवाल आदि मौजूद रहे है।

# बरसात में मलबा बन रहा बड़ी चुनौती पालिकाध्यक्ष ने प्रशासन से की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** नगर पालिका नई टिहरी इन दिनों बरसाती मौसम में सफाई व्यवस्था को लेकर गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है। शहर में फैले निर्माण मलबे और साफ-सफाई के दौरान उत्पन्न कचरे के उचित निस्तारण के लिए पालिका को डंपिंग जोन की सख्त आवश्यकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए पालिकाध्यक्ष मोहन सिंह रावत ने तत्काल जिला प्रशासन से नगर पालिका क्षेत्र के लिए डंपिंग जोन चिन्हित करने की मांग की है, ताकि मानसून के इस संवेदनशील समय में नगर क्षेत्र को स्वच्छ और सुरक्षित रखा जा सके।पालिकाध्यक्ष रावत ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि नगर क्षेत्र में सरकारी निर्माण कार्यों के दौरान उत्पन्न मलबे को विभिन्न स्थानों पर बेतरतीब तरीके से डंप किया जा रहा है, जबकि नगर पालिका द्वारा सफाई के दौरान एकत्र किए गए मलबे को डालने के लिए कोई निश्चित स्थान उपलब्ध नहीं है। यह स्थिति लगातार समस्या को बढ़ा रही है, क्योंकि निर्माण विभाग द्वारा नालियों, सड़कों और मोहल्लों के किनारे मलबा छोड़ दिया जाता है, जिससे नालियां जाम हो जाती हैं और बारिश का पानी सड़कों पर बहने लगता है।उन्होंने यह भी कहा कि बारिश के समय यह मलबा पानी के साथ बहकर और भी दूर तक फैल जाता है, जिससे न केवल गंदगी फैलती है, बल्कि सड़कों पर जलभराव और फिसलन जैसी स्थिति बनती है, जो दुर्घटनाओं की आशंका को बढ़ा देती है।

# कोमल तिवारी बनीं भारतीय सेना में सब लेफ्टिनेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** उत्तराखंड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय भरसार के वानिकी परिसर रानीचौरी की पूर्व छात्रा कोमल तिवारी ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए भारतीय सेना में सब लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित होकर न केवल अपने परिवार और शिक्षण संस्थान का मान बढ़ाया, बल्कि पूरे जिले को गौरवांवित कर दिया है। कोमल की इस सफलता पर परिसर प्रबंधन, शिक्षकों और सहपाठियों में उत्साह और गर्व का माहौल है।

टिहरी जिले के ढालवाला निवासी राकेश तिवारी की पुत्री कोमल तिवारी ने वर्ष 2023 में रानीचौरी स्थित वानिकी महाविद्यालय से बीएससी (ऑनर्स) की डिग्री प्राप्त की थी।



पढ़ाई के दौरान वे न केवल एक मेधावी और अनुशासित छात्रा रहीं, बल्कि अपने आत्मविश्वास, समर्पण और नेतृत्व क्षमता के कारण अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बनीं। कठिन परिश्रम और लगन के बलबूते उन्होंने भारतीय सेना में सब लेफ्टिनेंट जैसे प्रतिष्ठित पद पर चयन पाकर यह सिद्ध कर दिया कि समर्पण और दृढ़ इच्छाशक्ति से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

■ रानीचौरी वानिकी परिसर की पूर्व छात्रा ने रचा गौरवमयी इतिहास नारी सशक्तिकरण और युवा प्रेरणा का बनीं प्रतीक, विश्वविद्यालय में खुशी का माहौल

कोमल की इस सफलता पर विश्व. विद्यालय के कुलपति प्रो. परविंदर कौशल ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए इसे नारी सशक्तिकरण और युवा शक्ति की प्रेरणादायक मिसाल बताया। उन्होंने कहा कि कोमल तिवारी का यह चयन न केवल विश्व. विद्यालय के लिए गौरव की बात है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि प्रदेश की बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं।

महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. टीएस मेहरा ने भी कोमल की उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उनका चयन परिसर के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि कोमल की सफलता वर्तमान और भविष्य के छात्रों को नई दिशा और प्रेरणा प्रदान करेगी।

कोमल तिवारी की यह उपलब्धि निश्चित ही जिले की प्रतिभाओं को आगे आने और बड़े सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करेगी। उनका यह सफर उत्तराखंड की बेटियों के लिए एक उदाहरण बनेगा, जो यह दिखाता है कि अगर संकल्प और परिश्रम हो, तो कोई भी ऊंचाई दूर नहीं।

## एक नजर .......

### बंदरों के आतंक से शिवपुर निवासी परेशान

**कोटद्वार ।** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नं. 18, शिवपुर के अंतर्गत हरिद्वार रोड़ निवासी इन दिनों बंदरों के आतंक से परेशान हैं। वार्डवासियों का कहना है कि बंदरों के आतंक से उनका घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रखा है। इस संबध में वार्डवासियों ने मंगलवार को तहसील में प्रदर्शन करते हुए उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि बंदरों के आतंक के कारण सबसे बड़ी परेशानी स्कूली छात्रों को हो रही है। बंदर सुबह से ही घरों की छतों में धमक रहे हैं और छात्रों के स्कूल के लिए निकलने पर उन पर हमला कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर घरों के दरवाजे गलती से खुला छोड़ने पर बंदर अंदर जाकर सामान तहस नहस कर रहे हैं। बुजुर्ग लोग भी बंदरों के आतंक के कारण घर में ही कैद होकर रह गए हैं। उन्होंने कहा कि शहर क्षेत्र में भी ये उत्पाती बंदर कई लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर चुके हैं। ज्ञापन में उपजिलाधिकारी से इस संबध में संबधित विभाग को अविलंब निर्देशित करने की मांग की गई है। प्रदर्शन करने वालों में दिनेश जुयाल, विपिन जुयाल, रंजना देवी, जयंती देवी, सुरेश रावत, कुसुम रावत, बीना रावत और माधवी रावत सहित अन्य वार्डवासी शामिल रहे।

### प्रवक्ता भर्ती परीक्षा की विज्ञप्ति जारी करने की मांग

कोटद्वार । बीएड प्रशिक्षित युवा संघ प्रवक्ता अरविन्द दुदपुड़ी ने प्रदेश सरकार से राजकीय इंटर कालेजों मे प्रवक्ता भर्ती परीक्षा की विज्ञप्ति जारी करने की मांग की है। प्रेस को जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि राज्य लोक सेवा आयोग ने पूर्व में प्रवक्ता भर्ती का विज्ञापन जारी किया था, लेकिन नियमावली में संशोधन के चलते विज्ञापन को निरस्त करना पड़ा था। इसलिए अब विज्ञप्ति को जारी किया जाना चाहिए। कहा कि बड़ी संख्या में युवा विज्ञप्ति जारी होने का इंतजार कर रहे हैं। मौके पर उन्होंने अशासकीय इंटर कालेजों में भी भर्ती प्रक्रिया खोलने और इन विद्यालयों में भर्ती आयोग के माध्यम से कराने सहित भर्ती में पूर्व की भांति अधिकतम आयु सीमा को समाप्त करने की मांग भी की।

### स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

कोटद्वार । नगरनिगम कोटद्वार के हल्दूखाता स्थित यूनिकस अकादमी में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्कूली छात्र सहित आस-पास के गांवों के लोगों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। रोगियों को निशुल्क दवा वितरण की गई । अकादमी निदेशक अभय रावत ने बिताया कि डॉक्टरों ने रोगियों की जाँच करते हुए उन्हें व्यक्तिगत स्वच्छता, पोषण और फिटनेस से संबंधित उपयोगी सलाह दी। कहा कि अकादमी शिक्षा के साथ ही सामाजिक कार्यों में भी सहभागिता निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानाचार्य मान सिंह सुब्बा ने डॉक्टरों और कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे शिविरों को आयोजित करने की बात कही।

### गढ़वाल विवि की रोनिका का चयन एनएसडी के लिए रंगकर्मियों, छात्रों और विभाग के शिक्षकों ने जताई खुशी



श्रीनगर। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के लोक कला एवं संस्कृति निष्पादन केंद्र की छात्रा रो. निका राणा का चयन नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) में हुआ है। रो. निका राणा मूलतः रतूड़ा, रुद्रप्रयाग जनपद की रहने वाली। रोनिका ने दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक करने के बाद गढ़वाल विवि के लोक कला संस्कृति केंद्र में प्रवेश लिया। लोक कला एवं निष्पादन केंद्र विभाग के शिक्षक डॉ संजय पांडे ने बताया कि गढ़वाल विवि में अध्यननरत रहते हुए रोनिका ने 2 साल में लगभग 40 नाटकों में प्रतिभाग किया और रंगमंच की बारीकियां को सीखी। उन्होंने बताया कि विभाग में हुए नाटकों में दिए गए किरदारों को रोनिका ने बड़ी मेहनत के साथ अभिनय के माध्यम से किया। लोक कलाओं के प्रति रो. निका का रुझान पहले से ही था कड़ी मेहनत के बाद राष्ट्रीय नाटक विद्यालय दिल्ली के लिए तैयारी की और सफल भी हुईं। डॉ. पांडे ने बताया कि पूरे देश से लगभग 30 लोगों का चयन इसमें होता है। रोनिका की कामयाबी पर रंगकर्मियों, छात्रों और विभाग के शिक्षकों ने खुशी जाहिर करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# शराब पीकर गंदगी फैलाने और हंगामा करने वाले 9 युवक पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** नरेंद्रनगर थाना पुलिस ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और जनसुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए शराब पीकर गंदगी फैलाने और सार्वजनिक स्थानों पर उत्पात मचाने वाले नौ युवकों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 'ऑपरेशन लगाम' अभियान के तहत की गई, जिसके तहत सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासनहीनता और उपद्रव फैलाने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है।

थानाध्यक्ष संजय मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि नियमित चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने इन नौ युवकों को सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीते और गंदगी फैलाते हुए पकड़ा। सभी के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत चालान की कार्रवाई की गई है और उन्हें निरुद्ध किया गया है। पकड़े गए युवकों में अधिकतर हरिद्वार और देहरादून जनपदों के निवासी हैं।

गिरफ्तार युवकों में काशीपुरा, कनखल (हरिद्वार) निवासी लकी सिंह पुत्र विनय कुमार सिंह, साहिल सिंह पुत्र करण सिंह, मनसा देवी रोड मोहल्ला हिल बाईपास (हरिद्वार) निवासी नीरज चौहान पुत्र सुरेश चौहान, आशीष पुत्र सुनील कुमार, रितेश पुत्र महेंद्र कुमार, कोटा मुरादनगर (रुड़की) निवासी रिजवान पुत्र मुजब्बरूर रहमान, बेडपुर (हरिद्वार) निवासी मजाकित पुत्र इरशाद, देहरादून के भंडारी बाग पटेल नगर निवासी वैभव पुत्र शिव प्रकाश और सहस्रधारा रोड, रायपुर निवासी सनी इस्ताख पुत्र इस्ताख शामिल हैं।

थानाध्यक्ष ने बताया कि यह कार्रवाई आमजन की सुरक्षा, शांति और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए की गई है। नरेंद्रनगर पुलिस लगातार इस तरह के अभियान चला रही है ताकि सार्वजनिक स्थलों पर अनुशासन और कानून व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने यह भी कहा कि आगे भी पुलिस ऐसी गति. विधियों पर नजर बनाशराब पीकर गंदगी फैलाने और हंगामा करने वाले 9 युवक गिरफ्तार

# प्रत्याशी घर-घर पहुंचकर अपने पक्ष में मांग रहे वोट

श्रीनगर। त्रिस्तरीय चुनाव को लेकर सगर्मियां तेज हो गई है। चुनाव को लेकर प्रत्याशी घर-घर पहुंचकर अपने ग्रामीणों से अपने पक्ष में वोट की अपील कर रहें है। जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, प्रधान पद के प्रत्याशी लगातार गांव-गांव में पहुंचकर अपने पक्ष्घ में वोट एकत्र कर रहें है। विकासखंड कीर्तिनगर से खोला कड़ाकोट से भाजपा अधिकृत सीट से जिला पंचायत सदस्य रीना देवी ने खोला कड़ाकोट के कांडी एराडी, गोनी, सरकेना, कफना, बाग. वान, डांग आदि गांव में जनसंपर्क कर मांगा समर्थन। इस दौरान उन्होने भाजपा के ओर से चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया।

# नगर पालिका नई टिहरी को डंपिंग जोन की दरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** नगर पालिका नई टिहरी इन दिनों बरसाती मौसम में सफाई व्यवस्था को लेकर गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है। शहर में फैले निर्माण मलबे और साफ-सफाई के दौरान उत्पन्न कचरे के उचित निस्तारण के लिए पालिका को डंपिंग जोन की सख्त आवश्यकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए पालिकाध्यक्ष मोहन सिंह रावत ने तत्काल जिला प्रशासन से नगर पालिका क्षेत्र के लिए डंपिंग जोन चिन्हित करने की मांग की है, ताकि मानसून के इस संवे. दनशील समय में नगर क्षेत्र को स्वच्छ और सुरक्षित रखा जा सके।

पालिकाध्यक्ष रावत ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि नगर क्षेत्र में सरकारी निर्माण कार्यों के दौरान उत्पन्न मलबे को विभिन्न स्थानों पर बेतरतीब तरीके से डंप किया जा रहा है, जबकि नगर पालिका द्वारा सफाई के दौरान एकत्र किए गए मलबे को डालने के लिए कोई निश्चित स्थान उपलब्ध नहीं है। यह स्थिति लगातार समस्या को बढ़ा रही है, क्योंकि निर्माण विभाग द्वारा नालियों, सड़कों और मोहल्लों के किनारे मलबा छोड़ दिया जाता है, जिससे नालियां जाम हो जाती हैं और बारिश का पानी सड़कों पर बहने लगता है।

उन्होंने यह भी कहा कि बारिश के समय यह मलबा पानी के साथ बहकर और भी दूर तक फैल जाता है।

# नरेंद्रनगर पुलिस की सख्ती, ऑपरेशन लगाम के तहत की गई कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** नरेंद्रनगर थाना पुलिस ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और जनसुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए शराब पीकर गंदगी फैलाने और सार्वजनिक स्थानों पर उत्पात मचाने वाले नौ युवकों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 'ऑपरेशन लगाम' अभियान के तहत की गई, जिसके तहत सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासनहीनता और उपद्रव फैलाने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है।थानाध्यक्ष संजय मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि नियमित चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने इन नौ युवकों को सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीते और गंदगी फैलाते हुए पकड़ा। सभी के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत चालान की कार्रवाई की गई है और उन्हें निरुद्ध किया गया है। पकड़े गए युवकों में अधिकतर हरिद्वार और देहरादून जनपदों के निवासी हैं।गिरफ्तार युवकों में काशीपुरा, कनखल (हरिद्वार) निवासी लकी सिंह पुत्र विनय कुमार सिंह, साहिल सिंह पुत्र करण सिंह, मनसा देवी रोड मोहल्ला हिल बाईपास (हरिद्वार) निवासी नीरज चौहान पुत्र सुरेश चौहान, आशीष पुत्र सुनील कुमार, रितेश पुत्र महेंद्र कुमार, कोटा मुरादनगर (रुड़की) निवासी रिजवान पुत्र मुजब्बरूर रहमान, बेडपुर (हरिद्वार) निवासी मजाकित पुत्र इरशाद, देहरादून के भंडारी बाग पटेल नगर निवासी वैभव पुत्र शिव प्रकाश और सहस्रधारा रोड, रायपुर निवासी सनी इस्ताख पुत्र इस्ताख शामिल हैं।थानाध्यक्ष ने बए रखेगी और किसी को भी कानून तोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# डीएम ने ली बैठक, सभी संगठनों को दिए दिशा-निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** आगामी कांवड़ यात्रा को सुव्यवस्थित और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को मुनिकीरेती नगर पालिका परिषद सभागार में जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने एक अहम बैठक की। इस बैठक में उन्होंने सभी संबंधित विभागों और संगठनोंकृव्यापार मंडल, राफ्टिंग यूनियन, होटल एसोसिएशन और टैक्सी यूनियनकृको यात्रा के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने धर्मनगरी की गरिमा बनाए रखने पर बल देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिले, इसके लिए जनजागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने सभी संगठनों से कहा कि वे श्रद्धालुओं को जागरूक करने के



लिए अपने प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थलों पर पोस्टर लगाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि नगर क्षेत्र में कहीं भी डीजे न बजाया जाए, वाहनों में छोटा डस्टबिन अवश्य हो, और किसी प्रकार की ओवर चार्जिंग की शिकायत न आए। इसके अलावा अनावश्यक रूप से पार्किंग न करने, पुलिस व प्रशासन के साथ पूर्ण सहयोग करने, कंट्रोल रूम के नंबर अपने पास रखने और किसी भी आपात स्थिति में ईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वच्छता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी जिलाधिकारी ने कांवड़ रूट पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, एम्बुलेंस और पर्याप्त मेडिकल स्टाफ की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने आम जन की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी करने का भी आदेश दिया।

बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष नीलम बिजलवाण, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल, सीओ नरेंद्रनगर सुरेंद्र सिंह भंडारी, एआरटीओ सतेंद्र राज, गंगा सेवा समिति के संरक्षक चंद्रवीर पोखरियाल, ईई अमित आनंद, डीएसओ मनोज डोभाल, विभिन्न वार्डों के सभासद, टैक्सी यूनियन, व्यापार मंडल, राफ्टिंग और होटल एसोसिएशन के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# थत्यूड़ में भक्ति की गूंज: कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थत्यूड़।** विकासखंड मुख्यालय के समीपवर्ती मैटूली शेरा में मंगलवार को श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ बड़े श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ हुआ। कथा से पहले जल कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाओं ने सहभागिता की। महिलाएं पीले वस्त्रों में सजकर मंगल कलश सिर पर रखे, भक्ति गीतों के साथ मुख्य बाजार से यंबकेश्वर शिव मंदिर तक निकलीं।

धार्मिक झांकियों और जयघोषों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

कथा मंच से संबोधित करते हुए



आचार्य प्रदीप कोठारी ने श्रीमद् भागवत महापुराण की महत्ता पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि यह कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, अपितु मानव जीवन को दिशा देने वाली दिव्य शक्ति है। इससे परिवार के 21 कुलों तक का कल्याण संभव होता है। इस अवसर पर मुख्य यजमान हरीश नौटियाल, प्रदीप नौटियाल, मदन नौटियाल, दीपक नौटियाल, पंडित रामेश्वर प्रसाद कोठारी, बालकृष्ण कोठारी, पीतांबर दत्त भट्ट आदि मौजूद थे।

# यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क पर हुए गड्ढों पर रोपें धान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** विधान सभा कोटद्वार के अंतर्गत सड़कों की दुर्दशा पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष विजय रावत के नेतृत्व में मंगलवार को देवी मंदिर के समीप सड़कों में हुए गड्ढों में धान लगाते हुए सड़कों की दुर्दशा पर विरोध जताया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि कोटद्वार नगर की सड़कों की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है। सड़क में जब गड्ढे हो जाते हैं तो संबधित विभाग की ओर से टल्ले लगाकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली जाती है। कहा कि क्षेत्र की सड़कों की कुछ समय पहले ही मरम्मत की गई है। लेकिन घटिया डामरीकरण के कारण सड़कों में जरा सी बारिश के कारण खड्डे होने लगे हैं।

बारिश के दौरान पानी जमा होने से दुपहिया वाहन चालकों को ये गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। वहीं दूसरी ओर एडीबी द्वारा सड़कों को खोद कर पाइपलाइन बिछाने के नाम पर सड़कों के किनारे खोदकर खुला छोड़ दिया गया है, इस कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की सड़कों में हुए गड्ढों की अति शीघ्र मरम्मत करने और पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों को शीघ्र सही करने की मांग की और ऐसा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। विरोध प्रदर्शन करने में अरविंद रावत, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अंकुश घिल्डियाल, आशीष भंडारी, मानशेर सिंह सैनी, रानू, आमिर और अजीम आदि शामिल थे।

# फरासू की महिलाएं सीखरही बेकरी उत्पाद तैयार करना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना से प्रभावित ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। फरासू में आरवीएनएल के समर्थित प्रोजेक्ट प्रगति इम्पावरिंग वूमेन के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भरता के गुर सिखाए जा रहे हैं। यह कार्यक्रम भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद द्वारा संचालित किया जा रहा है। फरासू में आयोजित 14 दिवसीय सूक्ष्म कौशल उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत महिलाएं बेकरी उत्पाद तैयार करना सीख रहीं हैं।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना एवं



उन्हें स्वरोजगार की दिशा में प्रशिक्षित करना है। कार्यक्रम में फरासू गांव की 25 महिलाओं को बेकरी उत्पाद निर्माण का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें मिलेट्स से बने लड्डू, बिस्किट, नमकीन व केक जैसे उत्पादों को बनाना सिखाया जा रहा है। प्रशिक्षक सुदेश द्वारा महिलाओं को कोदा, झंगोरा जैसे स्थानीय अना. जों से उत्पाद तैयार करने की तकनीक सिखाई जा रही है। परियोजना अधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि यह प्रशिक्षण महिलाओं को स्वरोजगार की ओर अग्रसर करने का एक सशक्त माध्यम है। इस कार्यक्रम में महिलाओं को 6 दिन उद्यमिता विकास कार्यक्रम एवं 8 दिन तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। संस्थान के हिम्मत सिंह रौतेला ने प्रशिक्षण में भाग ले रही महिलाओं को नवाचार, बिजनेस आइडिया, समूह आधारित उद्यमों एवं बाजार तक पहुंच बनाने के तरीके बताए।

# 'हाउस ऑफ हिमालयाज' आउटलेट का धामी ने दिल्ली में किया शुभारंभ

**उत्तराखंड की पारंपरिक धरोहर और जैविक उत्पादों को राष्ट्रीय राजधानी में मिला नया मंच ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती, स्थानीय कारीगरों को अवसर: धामी**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** नई दिल्ली स्थित उत्तराखंड निवास परिसर में 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के आउटलेट का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उद्घाटन किया। यह आउटलेट उत्तराखंड की पारंपरिक धरोहर और जैविक उत्पादों को राष्ट्रीय राजधानी में संगठित रूप में प्रस्तुत करने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। इसके माध्यम से न केवल राज्य की समृद्ध लोक संस्कृति को देश के सामने लाया जाएगा, बल्कि स्थानीय उत्पादों को नए बाजार भी प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल राज्य सरकार की उस दूरदृष्टि का परिणाम है, जिसका उद्देश्य पर्वतीय अंचलों में उत्पादित प्राकृतिक और हस्तनिर्मित वस्तुओं को वैश्विक पहचान दिलाना है। यह कदम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा और साथ ही स्थानीय कारीगरों व शिल्पकारों को नए अवसर प्रदान करेगा। इस अवसर पर सचिव ग्रामीण विकास राधिका झा, उत्तराखंड के स्थानिक आयुक्त अजय मिश्रा आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

चारधाम यात्रा को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा स्थानीय उत्पादों की ब्रिकी को बढ़ावा देने हेतु 13 से अधिक प्रमुख स्थानों पर आकर्षक फ्लोर स्टैंडिंग यूनिट्स और रिटेल कार्ट्स नैनी सैनी एयरपोर्ट, पंतनगर एयरपोर्ट, देहरादून हेलीपैड, जीएमवीएन श्री केदारनाथ, बद्रीनाथ, हर्षिल, गुप्तकाशी, कौडियाला, मसूरी, परमार्थ निकेतन (ऋषिकेश), स्नो क्रेस्ट (बद्रीनाथ), एटीआई (नैनीताल) एवं सेंट्रिया मॉल जैसे तीर्थ और पर्यटक स्थलों पर स्थापित किए गए हैं।

ये रिटेल कार्ट्स श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं।

### गुणवत्ता के बल पर बनाई अलग पहचान: राधिका

सचिव ग्रामीण विकास राधिका झा ने बताया कि 'हाउस ऑफ हिमालयाज' ब्रांड ने कम समय में अपनी गुणवत्ता के बल पर विशेष पहचान बनाई है। अब यह ब्रांड प्रमुख होटल श्रृंखलाओं में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक और पारंपरिक पहचान को बढ़ावा देने तथा उच्च श्रेणी के पर्यटकों को स्थानीय उत्पादों से जोड़ने के उद्देश्य से ताज (ऋषिकेश, रामनगर), हयात सेंट्रिक, हयात रीजेंसी (देहरादून), मैरियट (रामनगर), वेस्टिन (नरेन्द्रनगर) और जेपी ग्रुप (मसूरी) जैसे प्रतिष्ठित होटलों के साथ रणनी. तिक साझेदारी की गई है।

# कांवड़ मेले में तोड़फोड़- उपद्रव रोकने व भीड़ नियंत्रण के करें पुख्ता इंतजाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आगामी कांवड़ मेला-2025 की तैयारियों को लेकर मंगलवार को प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने पूर्व वर्षों की व्यवस्थाओं की समीक्षा कर कानून व्यवस्था की दृष्टि से उत्पन्न हुई चुनौतियों का विश्लेषण कर सुधारात्मक कदम सुनिश्चित करने को कहा, ताकि इस वर्ष किसी भी प्रकार की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कह कि इस विशाल धार्मिक आयोजन में किसी भी प्रकार की तोड़फोड़, उपद्रव या अन्य अवांछनीय घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं।

**मुख्यमंत्री धामी ने कांवड़ मेला 2025 की तैयारियों की समीक्षा में दिए निर्देश,होटल व धर्मशालाओं में ठहरने वालों का होगा पूर्ण सत्यापन**

शिविर संचालकों, कार्यरत व्यक्तियों, वॉलंटियर और होटल-धर्मशालाओं में ठहरने वाले व्यक्तियों का पूर्ण सत्यापन कराया जाए। बैठक में गृह सचिव शैलेश बगोली, पुलिस महा. निदेशक दीपम सेठ, आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन, गढ़वाल व कुमाऊं आयुक्त सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### कांवड़िए साथ ना लाए लाठी-डंडे व नुकीली वस्तुएं: सीएम

मुख्यमंत्री ने कांवड़ियों को लाठी, डंडा, नुकीली वस्तुएं आदि ले जाने से रोकने हेतु प्रचार अभियान चलाने को कहा।

यात्रा मार्गों में मादक पदार्थों, शराब एवं मांस की बिक्री पर प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने और समुचित बिजली, पानी, चिकित्सा जैसी आधारभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। महिला कांवड़ियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए उनकी सुरक्षा के लिए महिला घाटों और धर्मशालाओं में विशेष पुलिस प्रबंध सुनिश्चित करने को कहा गया।

अंतर्राज्यीय समन्वय बढ़ाकर सूचनाओं का तत्काल आदान-प्रदान करने, सोशल मीडिया पर निगरानी रखते हुए अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने और संबंधित पोस्टों का तत्काल खंडन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# पानी की टंकी पर चढ़ा युवक लोगों का लगा जमावड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**देहरादून।** नगर कोतवाली क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के पास लोगों की जमा हुए भीड़ में उस वक्त हलचल मच गई जब रेलवे स्टेशन के पास बनी पानी की टंकी पर मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक चढ़ गया और आत्महत्या का प्रयास किया। इस घटना की सूचना मिलते ही सीओ सिटी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और युवक को सकुशल रेस्क्यू कर नीचे उतारा।लक्खी बाग चौकी के पास रेलवे स्टेशन के सामने बनी पानी की टंकी पर एक व्यक्ति चढ़ गया। उक्त सूचना पर सीओ सिटी,चौकी प्रभारी लक्खीबाग मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचे।

मौके पर एक युवक, जो मानसिक रूप से विक्षिप्त था, पानी की टंकी के ऊपर चढ़ रखा था, जिस पर पुलिस कर्मियों द्वारा तत्काल टंकी की छत पर चढ़कर उक्त युवक को प्रेमपूर्वक समझाते हुये बामुश्किल पानी की टंकी से सकुशल नीचे उतारा। पूछताछ में उक्त व्यक्ति ने अपना नाम सोनू पुत्र रामधन निवासी सोनीपत, हरियाणा बताया। युवक के सम्बन्ध में जानकारी करने पर आस पास के लोगो द्वारा बताया गया कि उक्त युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त है, जो अक्सर रेलवे स्टेशन व उसके आस-पास के क्षेत्र में घूमता रहता है। पुलिस द्वारा उक्त युवक को उपचार के लिए दून अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# विहिप और बजरंग दल ने रोपे पौधे

**विकासनगर।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने सेलाकुई में 108 पौधों का रोपण कर उनकी सेवा का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विहिप विभाग मंत्री आलोक सिन्हा, जिला संगठन मंत्री कान्हा और जिला सह मंत्री रमेश ढौंडियाल ने किया। विभाग मंत्री आलोक ने कहा कि जीवन जीने के लिए ऑक्सीजन की जरूरत पड़ती है।जो पेडों से मिलती है। इस दौरान जिला संयोजक शेखर बंसल, जिला गौरक्षा प्रमुख समित तोमर, जिला संयोजिका रीना रावत, जिला सहसंयोजिका जाशिका प्रफुल्ल साजवान आदि उपस्थित रहे ।

# अच्छा काम करने वाले पुलिस अधिकारियों की एसएसपी ने थपथपाई पीठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।**पंचायत चुनावों को शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने व आगामी कांवड मेले के चलते एसएसपी ने क्राइम मीटिंग क्राइम मीटिंग के दौरान पुलिस विभाग में अच्छा वर्क करने वाले अधिकारियों की थपथपाई तो किसी को जमकर लताड़ पिलाई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने पुलिस लाइन में जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारियों/थाना प्रभारियों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी की।

गोष्ठी के दौरान एसएसपी ने भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न पोर्टलों व विगत माह में घटित अपराधों की समीक्षा करते हुए शिथिलता बरतने वाले थाना प्रभारियों को सख्त चेतावनी दी। बैठक ने कहा कि आगामी कांवड मेले के चलते समय से सारी



व्यवस्थाओं को पूर्ण करते हुए सुरक्षा के समुचित प्रबंध सुनिश्चित किये जायें, मेले में आने वाले यात्रियों के वाहनों के दिए जिन पार्किंग स्थलों को चिन्हित किया गया है।वहाँ सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाए। पंचायती चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए संबंधित थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्र में मतदेय स्थलों का भौतिक निरीक्षण कर

**क्राइम मीटिंग में कप्तान ने निठल्ले पुलिस कर्मीयो को भी दी वॉर्निंग,**

सभी सुरक्षात्मक व्यवस्थाये समय से पूर्ण कर ले, इसके अतिरिक्त ऐसे सभी अराजक तत्वों को, जो चुनाव प्रक्रिया के दौरान व्यवधान उत्पन्न कर सकते हैं, उन्हे चिह्नित करते हुए उनके विरुद्ध आवश्यक निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।थानों पर सीसीटीएनएस के तहत संचालित ऑनलाईन पोर्टल्स की समीक्षा करते हुये समस्त थाना प्रभारियों को सभी पोर्टल्स में सूचनाओं को समय से अद्यावधिक करने के निर्देश दिये गये।

## एक नजर .......

### पुलिस ने एक वारंटी किया गिरफ्तार

**विकासनगर।** वारंटियों के विरुद्ध प्रचलित कार्यवाही में कोतवाली विक. ासनगर पुलिस द्वारा 1 वारण्टी मुस्तफा पुत्र मौ0 जाकिर हुसैन निवासी ढकरानी, विकासनगर को किया गया गिरफ्तार। पुलिस ने वारंटी को कोर्ट में पेश किया। पुलिस टीम में एसआई संदीप पंवार, सिपाही मनोज भारती शामिल रहे।

### शिवालिक एकेडमी में वन महोत्सव जागरूकता के साथ मनाया गया




**विकासनगर।** शिवालिक एकेडमी में 1 से 7 जुलाई तक वन महोत्सव सप्ताह बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण अभियान की भी शुरुआत की गई, जिसका उद्देश्य छात्रों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और पर्यावरण को सुरक्षित रखने हेतु प्रेरित करना था। सभी छात्रों और शिक्षकों ने प्लास्टिक का उपयोग न करने एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखने की शपथ ली। यह शपथ विद्यालय कप्तान प्रियांशी द्वारा दिलाई गई। सप्ताह भर छात्रों के लिए पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन, और पर्यावरण जागरूकता पर आधारित गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिसमें छात्रों ने स्वनिर्मित स्लोगन, चित्रों के माध्यम से प्लास्टिक से दूर रहने और पेड़ लगाने का संदेश दिया।इस मौके पर विद्यालय की शिक्षिकाओं गुंजन पंत, उमा पुंडीर, ऋतु त्यागी, प्रियंका त्यागी, शम्मी चौहान, विद्यालय के हेड बॉय प्रिंस भंडारी, हेड गर्ल जया दास, और स्कूल कैप्टन तन्मय, विद्यालय के कई विद्यार्थियों जिसमें वंशिका, मुदित, जिया सोनाक्षी, आयत, प्रियांशी, अधिकांश, नैतिक, अनुष्का, सविता, आद्या ने भी अपने चित्रों, स्लोगन, बैनर्स के माध्यम से प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण का संदेश दिया।

### सड़क पर मारपीट करने वाले दो हमलावर गिरफ्तार

**देहरादून।**मारपीट व जानलेवा हमले के आरोपी दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। बसंत विहार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पीड़ित दीपांकर सिंह पुत्र जगबीर सिंह हाल पता संजय कुमार प्रकाश लोक कॉलोनी शिमला बायपास मूल पता ग्राम जखोड़ा समसपुर दिल्ली रोड सहारनपुर ने बताया कि रात्रि में वह अपनी गाड़ी से बसंत विहार अपने रिश्तेदार को छोड़ने जा रहा था। आईएसबीटी के पास तेज गति से आ रहे एक बुलेट मोटरसाइकिल सवार में उसकी गाड़ी में टक्कर मार दी थी इसके बाद वाहन सवार लोगो द्वारा उनके साथ गाली गलौज करते हुए उनके तथा उनके भाई के ऊपर लाठी, डंडों व पत्थरों से हमला कर दिया, जिसमे उन्हें तथा उनके भाई को गंभीर चोटें आई, वे लोग मौके पर उनके भाई को मृत समझ कर वहां से भाग गए। मारपीट के इस मामले में पीड़ित ने उक्त लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा था।जिसके चलते पुलिस ने हमलावर सिद्धार्थ शर्मा पुत्र संदीप शर्मा व कबीर मलिक पुत्र इनाम मलिक निवासी कांवली गांव थाना बसंत विहार को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेजा।

### जोशी ने लिया शारदा पीठाधीश्वर शंकराचार्य राजराजेश्वराश्रम महराज का आशीर्वाद

**देहरादून/हरिद्वार।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को हरिद्वार के कनखल स्थित जगतगुरु आश्रम पहुंचकर शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंक. राचार्य राजराजेश्वराश्रम जी महाराज से भेंट की। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने जगतगुरु शंकराचार्य से आशीर्वाद प्राप्त कर आध्यात्मिक मार्गदर्शन लिया।

### भाजपा नेता धर्मपाल की माता को दी श्रद्धांजलि

देहरादून/बिजनौर । कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल के बिजनौर स्थित आवास पर पहुंचकर उनकी दिवंगत माता को श्रद्धांजलि अर्पित की।



# क्लस्टर स्कूल में समायोजन के विरोध में पीटीए-एसएमसी की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मै पावटा को क्लस्टर विद्यालय राजकीय इंटर कॉलेज मेहरावना में समायोजित किए जाने के प्रस्ताव के विरोध में विद्यालय परिसर में एक आपात बैठक आयोजित की गई। बैठक में पीटीए (अभिभावक-शिक्षक संघ) और एसएमसी (विद्यालय प्रबंधन समिति) के सभी सदस्यों ने एक स्वर में इस निर्णय का विरोध किया और इसे जनहित के प्रतिकूल बताया।

बैठक की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाचार्य आर.एस. चौहान ने की। उन्होंने बताया कि शासन स्तर पर विद्यालय को क्लस्टर स्कूल में समायोजित करने की योजना बनाई गई है, परंतु इससे छात्रों को भारी



परेशानी का सामना करना पड़ेगा। पीटीए और एसएमसी सदस्यों ने बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रस्ताव पारित किए।

उन्होंने बताया कि मेहरावना क्लस्टर विद्यालय की दूरी विद्यालय से लगभग 14 किमी है, जबकि कई छात्रों के घरों से यह दूरी 27 किमी तक हो जाती है। क्षेत्र में सार्वजनिक परिवहन की सुविधा न के बराबर है, जिससे छात्रों का नियमित आना-जाना असंभव है।

बैठक में यह भी बताया गया कि विद्यालय से क्लस्टर स्कूल तक का मार्ग घने जंगलों और खस्ताहाल सड़कों से होकर गुजरता है, जहाँ जंगली जानवरों और सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। ऐसी स्थिति में कोई भी अभिभावक अपने बच्चों को दूरस्थ क्लस्टर विद्यालय नहीं भेजना चाहता।

सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव में स्पष्ट चेतावनी दी गई कि यदि विद्यालय को जबरन क्लस्टर स्कूल में समायोजित किया गया तो समस्त ग्रामीणजन आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

ज्ञापन की प्रति मुख्य शिक्षा अधिकारी देहरादून को भेजी गई है। ज्ञापन पर सरदार सिंह, गजेंद्र वर्मा, दीवान सिंह, नकटा दास, प्रेमदास, प्रभा जोशी, विक्रम, मीरा, अर्जुन दत्त समेत अनेक अभिभावकों ने हस्ताक्षर किए हैं।

खंड शिक्षा अधिकारी चकराता बुसरा ने कहा फिलहाल शासन स्तर के कम छत्र संख्या वाले विद्यालयों की सूचना मांगी गई है। विद्यालय का अन्य विद्यालय में समायोजन निदेशालय स्तर का मामला है।

# डीएम ने पकड़ा था भूमि फर्जीवाड़ा खेल परियोजना अधिकारियों की पड़ी फटकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बसंल भूमि फर्जीवाड़ा की शिकायतों पर सख्त रूख अपनाएं हुए हैं। विगत दिवस जनता दर्शन में शास्त्रीनगर तपा. ेवन निवासी फरियादी पुलमा देवी प्रकरण में जिला प्रशासन ने सख्ताई दिखाते हुए अब भूमि प्रकरण में जाचं कराई तथा भूमि को फरियादी के नाम चढवा दिया हैं। फरियादी ने फुलसनी में 2007 में भूमि क्रय कि थी जिसकी रजिस्ट्री भी है, जो आवासीय भूमि टिहरी विस्थापित को आंविटत की गई थी, वर्ष 2020 में भूमि स्वामी द्वारा वही भूमि किसी अन्य को विक्रय कर दी। इस गंभीर एवं संदिग्ध प्रकरण पर डीएम ने जांच कराई। जून माह के द्वितीय जनता दर्शन में डीएम के संज्ञान में आया था पुलमा देवी प्रकरण। डीएम का रौद्र रूप देख अवस्थापना (पुनर्वास) खण्ड ऋषिकेश द्वारा अपनी 2019 में की गई भूल को सुधारते हुए पुर्नवास विभाग ऋषिकेश ने 07 जुलाई तहसील विकासनगर को भूमिधरि दुरस्त करने के लिए पत्र लिखते हुए वर्ष 2019 में चढाई गई भूमिधरि को निरस्त करने तथा 2019 के उपरान्त हुए नामांन्तर को निरस्त करते हुए दुरस्ती करने का अनुरोध किया गया है, जिस तहसील प्रशासन द्वारा अभिलेखों में दुरस्तीकरण कर लिया गया है। परियोजना अधिकारियों को डीएम ने आड़े हाथ लेते हुए अधीक्षण अभियंता (टिहरी बांध पुर्नवास) का वाहन जब्त कर लिया था तथा विवरण सहित प्रस्तुत होने के निर्देश दिए थे। डीएम की जांच में हुए खुलासे पर डीएम ने एसडीएम मुख्यालय अपूर्वा को जांच अग्रेतर क्रिमनल प्रोसेडिंग के लिए सौंप दी है।

# जेसीबी से यात्रियों को टक्कर मारने वाले आरोपी को भेजा जेल

**रुद्रप्रयाग।** विगत 26 जून को थाना गुप्तकाशी के अंतर्गत केदारनाथ हाईवे कुंड के निकट जेसीबी मशीन से दो मोटरसाइकिलों को टक्क्र मारने वाले चालक को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। दरअसल, विगत 26 जून को केदारनाथ यात्रा पर जा रही यात्रियों की दो मोटरसाइकिलों पर जेसीबी चालक ने टक्कर मार दी थी और फिर मौके से फरार हो गया था। टक्कर लगने से मोटरसाइकिलों में सवार चार यात्री घायल हो गये थे, जिन्हे स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया था और एक घायल यात्री की उपचार के दौरान मृत्यु भी हो गई थी। जनपद पुलिस के स्तर से थाना गुप्तकाशी में अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया

# जोशी ने किया भारतीय ग्रामोत्थान संस्था के कार्यालय का निरीक्षण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने ऋषिकेश के ढालवाला स्थित भारतीय ग्रामोत्थान संस्था के कार्यालय का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मंत्री जोशी ने महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्थानीय रेशों तथा भीमल, कंडाली और भांग से तैयार किए जा रहे उत्पादों का अवलो. कन किया और तागा बुनने की प्रक्रिया को भी करीब से देखा।

संस्था की अध्यक्ष गीता चंदोला ने ग्राम्य विकास मंत्री को अवगत कराया कि संस्था बीते 35 वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों की बेरोजगार महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि महिलाओं को विभिन्न विभागों के सहयोग से प्रशिक्षण दिया जाता है और उनके



द्वारा बनाए गए उत्पादों की बिक्री विभिन्न प्रदर्शनियों के माध्यम से की जाती है। वर्तमान में संस्था में 40 से अधिक महिलाएं कार्यरत हैं। संस्था की अध्यक्ष ने ग्राम्य विकास मंत्री से संस्था के लिए एक स्थायी इंपोरियम की मांग भी की, ताकि स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराया जा सके।

ग्राम्य विकास मंत्री जोशी ने इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए महिलाओं को मसूरी में शीघ्र ही स्थायी इंपोरियम स्थापित किए जाने का भरोसा दिलाया। ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के सपने को साकार करने की दिशा में यह संस्था सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के हुनर को मंच देना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार यहां स्थानीय संसाधनों से समूह की महिलाओं द्वारा उत्कृष्ट उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं, वह न केवल स्वरोजगार को बढ़ावा देता है, बल्कि हमारी परंपराओं को भी जीवंत बनाए रखता है। उन्होंने कहा कि मसूरी में स्थायी इंपोरियम की स्थापना से इन महिलाओं को व्यापक बाजार मिलेगा और राज्य की पारंपरिक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह कदम महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ावा बढ़ावा देने के साथ ही पारंपरिक शिल्प और तकनीकों को भी संरक्षित किया जा सकेगा।

**ग्राम्य विकास मंत्री ने महिला स्वयं सहायता समूहों के स्थानीय रेशों तथा भीमल, कंडाली और भांग से तैयार किए जा रहे उत्पादों का अवलोकन किया**

इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष गीता चंदोला, बीना पुंडीर, प्रमिला भट्ट, विमला चौहान, मोनिका चौहान, रजनी उनियाल, मधु चौहान, कमली देवी, रक्षा रावत, प्रियंका भण्डारी, निदेशक बागवानी मिशन महेंद्र पाल, संयुक्त निदेशक डॉ रतन कुमार, सुरेन्द्र पंत, मंजीत रावत, कृषि विभाग से सचिन कुमार आदि उपस्थित रहे।

# श्मशान घाट की भूमि से अवैध कब्जा हटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** श्मशान घाट सेलाकुई पर हो रहे अवैध कब्जे को तहसील प्रशासन और नगर पंचायत की टीम ने मंगलवार को विरोध के बीच ध्वस्त कर दिया। तीन माह पहले नगर पंचायत की टीम ने यहां अवैध कब्जा ध्वस्त किया था, लेकिन दोबारा से वहां अवैध कब्जा किया जा रहा था।

टीम ने जब कब्जाधरी से कागज दिखाने को कहा तो वह बगलें झांकने लगे। नायब तहसीलदार ने चेतावनी दी कि अगर दोबारा से कब्जा किया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल, सेलाकुई में श्मशान घाट की भूमि के लिए खसरा नंबर 1353 में जलमग्न भूमि दी गई थी। लेकिन इस पर धीरे-धीरे कब्जा होने लगा। एक स्थानीय निवासी ने अपनी भूमि बता कर श्मशान घाट का निर्माण कर



रहे कुछ ग्रामीणों पर मुकदमा दर्ज किया था। लेकिन कोर्ट में वह केस हार गया। लेकिन इसके बाद उक्त जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। शिकायत पर नगर पंचायत की टीम ने अप्रैल माह में अवैध कब्जों को ध्वस्त कर दिया और कब्जाधारियों से कागज दिखाने को कहा था, लेकिन कोई भी कब्जाधारी नगर पंचायत में न तो कागज दिखा पाया और न ही दोबारा से कोई कार्यालय में आया, लेकिन इसके बाद फिर से वहां अवैध निर्माण हो गया। जिस पर मोक्ष धाम समिति द्वारा डीएम, एसडीएम को शिकायत दर्ज कराई गई।

जिसका संज्ञान लेते हुए मंगलवार को तहसील प्रशासन की टीम ने मौके पर पुलिस प्रशासन व नगर पंचायत कर्मचारियों को साथ लेकर अवैध निर्माण को ध्वस्त किया और आगे अवैध निर्माण किए जाने की स्थिति में कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी।

नायब तहसीलदार जीडी जोशी ने बताया कि मौके पर अवैध निर्माण किया जा रहा था। जिसको लेकर अवैध निर्माण कर रही महिला विद्या देवी से कागज दिखाने की बात कही गई, लेकिन वह इधर-उधर की बात करने लगी। वह कागज नहीं दिखा पाई। जिसके बाद अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। कहा कि अगर दोबारा से अवैध निर्माण हुआ तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान थाना सेलाकुई पुलिस, नगर पंचायत के कर्मचारी आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने किया राइका अगस्त्यमुनि का औचक निरीक्षण

**रुद्रप्रयाग।** जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज अगस्त्यमुनि का औचक निरीक्षण कर विभागीय कार्य योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने नौनिहालों से संवाद बनाते छात्र-छात्राओं की अभिरुचि परखी व कक्षा-कक्षों में जाकर शिक्षण कार्य भी किया। मंगलवार को जिलाधिकारी प्रतीक जैन अचानक अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज अगस्त्यमुनि के निरीक्षण पर पहुंचे तथा वहां संचालित विभिन्न विभागीय क्रिया कलापों की जानक. ारी हासिल की। जिलाधिकारी ने विभिन्न कक्षाओं में जाकर शिक्षण गतिविधियों को परखा व छात्र-छात्राओं से विषय आधारित संवाद स्थापित किया।

# फर्स्ट एड एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सत्र का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** शिवालिक अकादमी में मंगलवार को ग्राफिक एरा हॉस्पिटल के सहयोग से फर्स्ट एड एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य छात्रों को आपातक. ालीन स्थितियों में प्राथमिक उपचार और मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यक एवं व्यावहारिक जानक. ारी प्रदान करना था।

कक्षा 6 से 8 के छात्रों के लिए फर्स्ट एड डेमोंस्ट्रेशन का आयोजन किया गया, जिसमें विशेषज्ञों ने छात्रों को चक्कर आना, सिरदर्द, घबराहट जैसी सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान और प्राथमिक उपचार की विधियाँ समझाईं।



तत्पश्चात कक्षा 9 से 12 के छात्रों के लिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं एवं विद्यालयीय परीक्षाओं के दौरान तनाव मुक्त रहने के उपाय बताए गए। विशेषज्ञों ने तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच और नियमित दिनचर्या अपनाने जैसे महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए।

**विद्यार्थियों को तनाव मुक्त रहने के बताए गए उपाय**

इस सत्र का संचालन ग्राफिक एरा हॉस्पिटल की विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया जिसमें

डॉ. रौनक सक्सेना सीनियर रेजिडेंट, आर्थोपेडिक विभाग, डॉ. हरीश अहमद सीनियर रेजिडेंट, मानसिक रोग विभाग, शिवि शर्मा मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव, प्रियंका नर्सिंग स्टाफ, आरती जीडीए (जनरल हेल्प), विद्यालय को ऑर्डिनेटर तान्या त्यागी, और कार्यक्रम को सफल बनाने में शम्मी चौहान, गुंजन पंत, रुचि उनियाल, हिमानी बिष्ट, अंकिता सिंह शिक्षकों ने अपना सहयोग दिया।

# सीएम धामी ने वीडियो के जरिए की कांवड़ मेले की तैयारियों की समीक्षा बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आगामी कांवड़ मेला-2025 की तैयारियों को लेकर मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने पूर्व वर्षों की व्यवस्थाओं की समीक्षा कर कानून व्यवस्था की दृष्टि से उत्पन्न हुई चुनौतियों का विश्लेषण कर सुधारात्मक कदम सुनिश्चित करने को कहा, ताकि इस वर्ष किसी भी प्रकार की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कह कि इस विशाल धार्मिक आयोजन में किसी भी प्रकार की तोड़फोड़, उपद्रव या अन्य अवांछनीय घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। शिविर संचालकों, कार्यरत व्यक्तियों, वॉलंटियर और होटल/धर्मशालाओं में ठहरने वाले व्यक्तियों का पूर्ण सत्यापन कराया जाए। मुख्यमंत्री ने सभी प्रमुख स्थलों पर एक्सरे सिस्टम, अग्निशमन यंत्र, फायर टेंडर एवं कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही खाद्य व पेय पदार्थों की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी और जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए पुख्ता इंतजाम करने को कहा। भीड़ प्रबंधन में वॉलंटियर्स की मदद लेने, सीसीटीवी व ड्रोन से निरंतर निगरानी और अभिसूचना तंत्र को सक्रिय रखने पर बल दिया। बेहतर यातायात व्यवस्था अलग से प्लान बनाकर उसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए ताकि श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। आतंकवादी खतरों को मद्देनजर रखते हुए एटीएस और विशेष सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

मुख्यमंत्री ने हरिद्वार के घाटों, नीलकंठ महादेव मंदिर अन्य प्रमुखस्थलों पर एम्बुलेंस व बैकअप की व्यवस्था करने, सादे वस्त्रों में महिला व पुरुष सुरक्षाकर्मियों की पर्याप्त तैनाती करने और आपदा राहत उपकरणों से युक्त गोताखोरों व जल पुलिस को अलर्ट मोड पर रखने को कहा। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि यात्रा मार्गों पर तेज ध्वनि विस्तारक यंत्रों, डीजे व लाउडस्पीकर के उपयोग को नियमबद्ध किया जाए। दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर सुधारात्मक कार्य किए जाएं। कांवड़ यात्रियों को 'क्या करें और क्या न करें' की जानकारी पेम्फलेट, होर्डिंग, पब्लिक अनाउंसमेंट और सोशल मीडिया के माध्यम से दी जाए।

मुख्यमंत्री ने कांवड़ियों को लाठी, डंडा, नुकीली वस्तुएं आदि ले जाने से रोकने हेतु प्रचार अभियान चलाने को कहा। यात्रा मार्गों में मादक पदार्थों, शराब एवं मांस की बिक्री पर प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने और समुचित बिजली, पानी, चिकित्सा जैसी आधारभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। महिला कांवड़ियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए उनकी सुरक्षा के लिए महिला घाटों और धर्मशालाओं में विशेष पुलिस प्रबंध सुनिश्चित करने को कहा गया। अंतर्राज्यीय समन्वय बढ़ाकर सूचनाओं का तत्काल आदान-प्रदान करने, सोशल मीडिया पर निगरानी रखते हुए अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने और संबंधित पोस्टों का तत्काल खंडन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सभी विभागीय सचिवों और पुलिस महानिरीक्षकों को आगामी तीन दिनों में कांवड़ मेला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा करने व अपने-अपने विभागों की कार्य योजनाओं को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। बैठक में गृह सचिव शैलेश बगोली, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन, गढ़वाल व कुमाऊं आयुक्त सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने शिवभक्तों से की छोटी-छोटी बातों पर आक्रामक न होने की अपील

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** पुलिस ने कांवड़ लेने हरिद्वार आ रह शिव भक्तों से छोटी-छोटी बातों को लेकर आक्रामक ना होने की अपील की है। कांवड़ में रेहड़ी की टक्कर लगने से गंगाजल गिरने पर हुए विवाद के बाद पुलिस ने अपील जारी की है।

मंगलवार को कांवड़ पटरी मार्ग पर रेहडी की टक्कर लगने से कांवड़ का जल गिरने पर कांवड़ियों ने हंगामा कर दिया और रेहड़ी चालक के साथ मारपीट की कोशिश की। कांवड़ियों के हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने मामले को शांत कराया तथा कांवड़ियों को पुनः गंगाजल भरने के लिए पुलिस की पीसी कार से हरकी पैड़ी भेजा। कांवड़ियों के हरकी पैड़ी से जल लेकर लौटने के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाया। इसके बाद कांवड़िये ने माफी मांगी और हरिद्वार पुलिस के सहयोग की सहराना करते हुए अपने गन्तवय की ओर रवाना हुए। इसके बाद पुलिस ने कांवड़ियों एंव आमजन से अपील जारी की छोटी-छोटी बातों को लेकर अग्रेसिव न हो। ना ही कानून को अपने हाथ में लें। किसी भी प्रकार की कोई शिकायत है तो नजदीकी पुलिस को सूचित करें। पुलिस की और से हर सम्भव सहायता की जायेगी।

# चोरी की बाइक समेत आरोपी दबोचा



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली रानीपुर पुलिस ने चोरी की बाइक समेत एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। रविवार को सुमननगर निवासी नितिन कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर उसके घर दादूपुर गोविन्दपुर से स्पलेंडर बाइक चोरी कर लिए जाने के संबंध में मुकद्मा दर्ज कराया था। मुकद्मा दर्ज करने के बाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी वाजिद पुत्र महबूब निवासी ग्राम राजपुर के घर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसकी निंशानदेही पर ग्राम गढ स्थित चोर खम्बा के पास बांस के पेडो के बीच छिपाकर रखी गयी बाइक बरामद की गयी। पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भण्डारी, एसआई अर्जुन कुमार, कांस्टेबल महेन्द्र तोमर, जयदेव, होमगार्ड ब्रह्मपाल शामिल रहे।

# सैनी आश्रम को खुर्दबुर्द करने की नीयत से कुछ लोग फैला रहे विवाद : आदेश सैनी सम्राट

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** ज्वालापुर स्थित सैनी आश्रम के संचालन को लेकर दो गुटों में उपजा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को एक गुट से जुड़े लोगों ने प्रेस क्लब में प्रैसवार्ता कर आरोप लगाया कि सैनी आश्रम को खुर्दबुर्द करने के प्रयास में जुटे कुछ लोगों द्वारा गलत अफवाह और विवाद फैलाया जा रहा है। आदेश सैनी सम्राट ने कहा कि सैनी सभा के चुनाव पर चर्चा और समाज के लोगों से सुझाव लेने के लिए बुलायी गयी आमसभा में विरोधी गुट के लोगों ने हंगामा, झगड़ा और मारपीट की। आरोप लगाया कि मंगलवार को भी कुछ लोगों ने आश्रम में घुसकर हंगामा किया और पत्थर फेंके। जिसे बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सैनी आश्रम के संचालन के लिए चार महीने पहले 'सैनी आश्रम ज्वालापुर' संस्था को रजिस्टर्ड कराया गया और सैनी आश्रम के नाम से ही बैंक अकाउंट भी खोला गया। उन्होंने दावा कि 95 प्रतिशत सैनी समाज के लोग उनके साथ हैं और आश्रम के नए भवन के निर्माण की दिशा में कार्य किया जा रहा है। लेकिन कुछ लोग लोग सैनी आश्रम को लेकर भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं। जगह जगह शिकायत कर आश्रम में समाजहित के कार्यों को रोकने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने समाज के लोगों से भ्रम और बहकावे में न आने की अपील की और कहा कि हंगामा और अव्यवस्था फैलाने में जुटे लोगों को सबक सिखाने के लिए पुलिस को शिकायत देकर कड़ी कार्रवाई करने की मांग भी की गई है। प्रैसवार्ता के दौरा अनिल सैनी, दीपक सैनी, अवनीश कुमार सैनी, विनोद सैनी, विपिन सैनी और नीरज आदि उपस्थित रहे।

# भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और कर्मयोग का महत्वपूर्ण स्रोत है श्रीमद् भागवत कथा : ऋषि रामकृष्ण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** खड़खड़ी स्थित निर्धन निकेतन आश्रम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन श्रद्धालु भक्तों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए आश्रम के परमाध्यक्ष स्वामी ऋषि रामकृष्ण ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और कर्मयोग का महत्वपूर्ण स्रोत है। श्रीमद् भागवत कथा भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और लीलाओं का वर्णन करती है और धर्म, कर्म और प्रेम का मार्ग दिखाती है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने से मन शुद्ध होता है और भगवान के प्रति प्रेम बढ़ता है। कथाव्यास महामंडलेश्वर स्वामी शिवानंद ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से जीवन के सत्य और उद्देश्य को समझने में मदद मिलती है। कथा अच्छे कर्म करने और बुरे कर्मों से बचने की प्रेरणा देती है, जिससे जीवन सफल होता है। श्रीमद्भागवत कथा सुनने से यज्ञ के समान फल मिलता है। कथा के मुख्य यजमान नरेंद्र कपूर परिवार, ट्रस्टी विजय सिंगला, जीवन गोयल, ज्ञानचंद व फकीरचंद ने भागवत पूजन किया और कथाव्यास से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर संत प्रांश, नरेंद्र कपूर, राकेश कपूर, जीवन गोयल, विजय सिंगला, सुशील ढींगरा, राजेश शर्मा, मनोज, रजनी कुमार राजा, स्वामी राजेंद्रानंद, स्वामी रविदेव शास्त्री, महंत मोहन सिंह, महंत दुर्गादास, महंत तीरथ सिंह, स्वामी शिवम महंत, स्वामी हरिहरानंद, स्वामी दिनेश दास, स्वामी शिवानंद भारती सहित कई संत महंत और श्रद्धालु शामिल रहे।

# 5 लीटर कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए अभियान में 5 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस ने नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत अवैध शराब, स्मैक, चरस, गांजा, नशीली दवाई एव इंजेक्शन आदि तस्करों के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस ने सोमवार देर शाम को भट्टिपुर तिराहे को जाने वाले रास्ते पर छापेमारी करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया आरोपी से 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम बाबूराम 28 वर्ष पुत्र बीर सिंह निवासी भुवापुर,थाना पथरी बताया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के कर्म में एक आरोपी को 5 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया है। आगे भी नशे के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

# शांतिकुंज में तीन दिवसीय पावन गुरुपूर्णिमा महापर्व का शुभारंभ

## जनजागरण रैली के साथ गुरु-शिष्य परंपरा के नवजागरण का आह्वान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में तीन दिवसीय पावन गुरुपूर्णिमा महापर्व का आज विधिवत शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन जनजागरण रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में देश के विभिन्न राज्यों के श्रद्धालु, -साधकगण, देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के विद्यार्थी एवं शांतिकुंज के कार्यकर्त्ता शामिल हुए। रैली गेट नंबर २ से प्रारंभ होकर देसंविवि, हरिपुर कलॉ होते हुए लगभग तीन किलोमीटर की परिक्रमा कर गुरुसत्ता की पावन समाधि पर आकर संपन्न हुई। रैली के दौरान गुरु-शिष्य परंपरा की पुनर्स्थापना तथा अपने सद्गुरु के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया गया। गुरुसत्ता की समाधि पर सामूहिक आरती, जयघोष एवं संकल्प के साथ रैली का समापन हुआ।



इस अवसर पर अपने संदेश में गायत्री परिवार प्रमुखद्वय श्रद्धेय डॉ प्रणव पण्ड्या व श्रद्धेया शैलदीदी ने कहा कि सबल सद्गुरु ही अपने शिष्य को प्रकाश की ओर ले जाने वाला पथप्रदर्शक होता है। वह उसके भीतर छिपी संभावनाओं को जाग्रत कर श्रेष्ठ मानव बनाता है। गुरु दीक्षा संगोष्ठी में वक्ताओं ने गुरु की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सद्गुरु शिष्य को जीवन की सही दिशा देकर उसे आत्मिक एवं सामाजिक उन्नति की ओर ले जाते हैं। जैसे ऋषि वाल्मीकि ने श्रीराम को, संदीपनि मुनि ने श्रीकृष्ण को जीवन विद्या से अनुप्राणित किया, वैसे ही आज के युग प्रवर्तक परम पूज्य पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा जी ने करोड़ों परिजनों के जीवन को आध्यात्मिक दृष्टि से समृद्ध किया है। सायंकाल एक शाम गुरुवर के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत गायत्री विद्यापीठ के बच्चों एवं शांतिकुंज कार्यकर्त्ताओं ने गुरु परंपरा पर आधारित भजन, गीत व सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जो दर्शकों के लिए अत्यंत भावविभोर करने वाली रहीं। गुरुपूर्णिमा पर्व के अंतर्गत आगामी दो दिनों तक विशेष गायत्री महायज्ञ, गुरु दीक्षा समारोह, अखण्ड गायत्री साधना एवं प्रेरणादायी विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। देश-विदेश से पधारे श्रद्धालु इस पावन अवसर पर सहभागिता कर जीवन को नयी दिशा देने हेतु प्रेरणा प्राप्त कर रहे हैं।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की दर्दनाक मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** थाना क्षेत्र के कलियर मार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार बाल सिंह पुत्र जगदीश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और बाइक पर पीछे बैठी महिला को गंभीर चोट लगी है। दोनों आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है व महिला का अस्पताल में उपचार जारी है। थाना प्रभारी निरीक्षक नरेश राठौड़ ने बताया कि घायल की मदद के लिए बाजार चौकी प्रभारी अमित नौटियाल सहित उनकी टीम तुरंत मौके पर पहुंचे।

यह घटना एक बार फिर जागरूक करती है कि सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों का पालन कितना जरूरी है। तेज रफ्तार और लापरवाही से लिए गए फैसले अक्सर जान ले लेते हैं। प्रशासन को चाहिए कि ऐसे दुर्घटना, प्रवण मार्गों पर कड़े उपाय किए जाएं। जैसे स्पीड ब्रेकर, गति जांच और हेलमेट, सीटबेल्ट जागरूकता अभियानों को तेज किया जाए।

# गुरु शिष्य परंपरा के महत्व को दर्शाता है गुरु पूर्णिमा : स्वामी रामभजन वन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शिव मेडिटेशन सेंटर साऊथ अफ्रीका के संस्थापक स्वामी रामभजन वन ने कहा कि आषाढ़ मास की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा कहा जाता है। यह दिवस भारतीय संस्कृति में गुरु शिष्य परंपरा और उसके महत्व को दर्शाता है। इस वर्ष गुरु पूर्णिमा 10 जुलाई, गुरुवार के दिन है। एक संयोग है कि गुरु पूर्णिमा इस बार गुरुवार के दिन है। श्री तपोनिधि पंचायती अखाड़ा निरंजनी के अंतरराष्ट्रीय संत स्वामी रामभजन वन ने कहा कि कहा जाता है कि गुरु का स्थान देवताओं से भी ऊपर है। जीवन में मार्ग दिखाने वाले पथ प्रदर्शक की भूमिका में गुरु को माना गया है, गुरु मानव जीवन में शिक्षा और उपदेश के माध्यम से अध्यात्मिक उन्नति के मार्ग को प्रशस्त करता है। यह दिवस महर्षि वेदव्यास के जन्मस्मृति में व्यास पूर्णिमा भी कहलाता है, महर्षि वेदव्यास को आदि गुरु माना जाता है, उन्हें श्रीमद्भागवतगीता, महाभारत, ब्रह्मसूत्र, मीमांसा और पुराणों का रचियता माना जाता है। गुरु पूर्णिमा का बौद्ध धर्म में भी विशेष महत्व है क्योंकि इसी दिन भगवान गौतम बुद्ध ने सारनाथ, उत्तर प्रदेश में पहला धम्म या धार्मिक उपदेश दिया था।

# एसएसपी से मिला हरिद्वार डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरिद्वार डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष सुरेंद्र भटेजा के नेतृत्व में रोशनाबाद स्थित पुलिस कार्यालय में एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल से मुलाकात कर कांवड़ ड्यूटी तैनात पुलिस जवानों के लिए 50 छाते और 25 पेटी कोल्ड ड्रिंक व चॉकलेट भेंट की। सुरेंद्र भटेजा ने कहा कि कांवड़ मेले के दौरान डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन की और से पुलिस प्रशासन का हरसंभव सहयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांवड़ मेले में कड़ी धूप में डयूटी करने वाले पुलिस जवानों को धूप से बचाने के लिए छाते, कोल्ड ड्रिंक, चॉकलेट आदि भेंट की गयी है। एसोसिएशन आगे भी पुलिस प्रशासन का सहयोग करती रहेगी। भटेजा ने बताया कि कोल्ड ड्रिंक साकेत इंटरप्राइजेज, चॉकलेट सुरेंद्र एजेंसी और छाते अतुल ट्रेडर्स के सहयोग से प्रदान किए गए। प्रतिनिधि मंडल में प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुनील अरोड़ा, मंत्री संदीप वैष्णव, मंत्री अतुल गोयल, रुपेश गोयल, अभिषेक बाटला, अमितेश गोयल, अजय खुराना, शरद गोयल, यश गोयल, इंद्रजीत आदि शामिल रहे।

# मेयर किरण जैसल ने किया नहर पटरी मार्ग व आर्यनगर नाले का निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मेयर किरण जैसल ने कांवड़ पटरी मार्ग एवं आर्यनगर नाले का निरीक्षण किया और अधिकारियों को व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के निर्देश दिए। निर्देश देते हुए मेयर किरण जैसल ने कहा कि गंगाजल लेने के लिए शिवभक्त कांवड़िए हरिद्वार पहुंचने लगे हैं। कांवड़ों में गंगाजल भरकर कावड़ पटरी मार्ग से पैदल वापसी करने वाले शिवभक्तों को किसी भी प्रकार की असुविधाओं का सामना ना करना पड़े। इसके लिए कांवड़ पटरी मार्ग पर सफाई व्यवस्था पर विशेष रूप से फोकस रखें। आर्यनगर नाले के निरीक्षण के दौरान मेयर ने नालों के अंदर कूड़ा करकट जमा नहीं होने के निर्देश देते हुए कहा कि बरसात शुरू हो चुकी है। इसलिए समय रहते नालों की सफाई होनी चाहिए। जलभराव की स्थिति उत्पन्न नही होनी चाहिए। सफाई व्यवस्था में अधिकारी कर्मचारी किसी प्रकार की लापरवाही ना बरतें। कावड़ मेले को सकुशल संपन्न करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आम लोगों से भी सफाई व्यवस्था में सहयोग का आह्वान किया। कहा कि अपने आसपास सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें।

# कानफोड़ू वाहन कांवड़ मेले में करेंगे शोर

## बार्डर मीटिंग्स में रोकथाम पर इसबार नहीं हुई चर्चा, लाखों की संख्या में आते हैं मोडिफाइड वाहन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** डाक कांवड़ में इसबार भी कानफोड़ू दुपहिए लोगों को परेशान करेंगे। ऐसे वाहनों को रोकने की प्रशासन की कोई तैयारी अभी तक दिखाई नहीं दी है।

कांवड़ मेले में कांवड़ के अंतिम चरण में डाक कांवड़ के वाहन लाखों की संख्या में हरिद्वार पहुंचते हैं। इसी दौरान लाखों कांवड़िए बाईकों पर जल लेने आते हैं। पिछले कुछ समय से कांवड़िए अपनी बाईकों को अलग दिखाने के लिए इस दौरान उन्हें मोडिफाइड कराकर लाने लगे हैं। बाइक्स के साइलेंसर हटवा लिए जाते हैं। अब ऐसी बाईकों में छोटी ढोलकी, बड़ी ढोलकी जैसे उपकरण भी लगवाए जाने लगे हैं। जिससे वह भयंकर शोर करती हैं। बाइक्स में पटाखे के धमाके वाले उपकरण भी लगाए जाते हैं। हालांकि यह मोटर व्हीकल एक्ट के खिलाफ है और इसमें दस हजार के जुर्माने या तीन माह की सजा अथवा दोनों का प्रावधान है। लेकिन कांवड़ियों की एक साथ आने वाली लाखों की भीड़ में प्रशासन इसका पालन नहीं करा पाता। डाक कांवड़ के इस चरण में विदाउट हैल्मेट और ट्रिपल राईडिंग वालों का भी प्रशासन कुछ नहीं बिगाड़ पाता।



कांवड़ मेले में इसकी रोकथाम कैसे हो प्रायः ज्वाइंट बार्डर मीटिंग्स में इसपर चर्चा होती रही है लेकिन इसबार नियम कानून के लिए मेले में चुनौती बन रहे ऐसे वाहनों और कांवड़ियों पर नियंत्रण के लिए कोई चर्चा नहीं सुनाई दी। जिससे ये साफ है कि नियम कानून के साथ साथ पर्यावरण के लिए भी खतरा बने ऐसे दुपहिए और कांवड़िए इसबार भी धड़धड़ाते हुए उत्तराखंड में घुसेंगे।

डाक कांवड़ के दौरान आनेवाले ऐसे वाहनों को नियंत्रित किया जाता है। अत्यधिक भीड़भाड़ में अवश्य कुछ शिथिलता रह जाती है लेकिन इसबार एमवी एक्ट का उल्लंघन करने वाले ऐसे वाहनों पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। - **शेखर सुयाल, एसपी देहात ।**

### भगवानपुर, नारसन से घुसते हैं वाहन

**हरिद्वार।** डाक कांवड़ के दौरान कांवड़ वाहन नारसन, भगवानपुर, हरिद्वार के चंडी पुल और हिमाचल- पंजाब के बार्डर से उत्तराखंड और हरिद्वार में प्रवेश करते हैं। बार्डर मीटिंग्स में ऐसे वाहनों पर उनके राज्यों में ही नियंत्रण की बात होती रही है लेकिन इसका अनुपालन नहीं होता। ऐसी भी आशंका है कि इस दौरान चोरी के दुपहियों का भी उपयोग होता है। क्योंकि गतवर्ष रुड़की भगवानपुर के बीच मार्ग में खड़े हुए ऐसे करीब ढाई सौ दुपहिए पुलिस ने बरामद किए थे, जिन्हें कांवड़िए लावारिस छोड़ गए थे।


# भेल श्रमिक यूनियनों के पदाधिकारियों ने वन विभाग कार्यालय पर किया प्रदर्शन

## हाथी की गतिविधियों से दशहत में हैं कालोनीवासी : विकास सिंह

### हाथी को रोकने के लिए जल्द कदम नहीं उठाए जाने पर दी धरने की चेतावनी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हैवी इलेक्ट्रिकल वर्कर्स ट्रेड यूनियन, एबु हिप एवं सीएफएफपी श्रमिक यूनियन एवं सेंट्रल फाउंड्री फोर्ज वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारियों ने वन विभाग कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया और उप प्रभागीय वनाधिकारी पूनम कैंथोला को ज्ञापन देकर भेल टाउनशिप में जंगली हाथी के उत्पात से निजात दिलाने की मांग की। इस दौरान भेल श्रमिक नेता विकास ने कहा कि जंगली हाथी रोजाना एक ही मार्ग से भेल टाउनशिप में आता है और तोड़फोड़ करता है। पिछले दिनों हाथी ने सेक्टर-1 कई कर्मचारी आवासों, ट्रेनिंग स्कूल, शिवडेल स्कूल के पास तथा मेडिकल कालोनी के कई आवासों की दीवार को क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथी मेडिकल कालोनी होते हुए सेक्टर-1 मस्जिद, सिंगल स्टोरी, पीठ बाजार के रास्ते से होते हुए सेक्टर-1 के मध्य में घुसता है तथा आवासों की तारबाड़, गेट आदि तोड़ देता है। हाथी के रोजाना कालोनी में आने से लोग अनहोनी की आशंका से भयभीत हैं। पूर्व में हाथी एक कर्मचारी व कई अन्य व्यक्तियों की जान ले चुका है। जिससे उपनगरी में दहशत का माहौल है। विकास सिंह ने कहा कि कई बार सूचना देने के बाद भी वन विभाग ने हाथी को रोकने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की। जल्द से जल्द हाथी को चिह्नित कर उसे उपनगरी से कहीं दूर जंगल में छोड़ा जाये। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर हाथी को कालोनी में आने से रोकने के लिए कदम नहीं उठाए गए तो यूनियन पदाधिकारी तथा भेल कर्मचारी परिवार सहित वन विभाग कार्यालय पर धरना देंगे। इस अवसर पर विकास सिंह, रवि कश्यप, भवानी प्रसाद, राजकुमार प्रजापति, रामअवध यादव, जितेंद्र सिंह, नवीन गिरी, मोहित शर्मा, जागेशचंद पाल, सतेंद्र सिंह, संजय सिंह, सुनील कुमार, सुमित गर्ग, प्रह्लाद चौहान, दिलीप दास, जयशंकर सिंह, इंद्रजीत यादव,



कुमुद कुमार श्रीवास्तव, अतुल मिश्रा, सचिन चौहान, राजकुमार, डीके दास, मोहित शर्मा, लक्ष्मी प्रसाद, बलवीर सिंह रावत, नवीन गिरी, सत्येंद्र प्रताप सिंह, अरविंद कुमार, अशोक सिंह, अजय सिंह, चंद्रमोहन बघेल, अरुण चौधरी, बाबूराम, नवीन कुमार, संजय सिंह, अंशुमान मिश्रा, धर्मेश गुप्ता, मोहन, गुलशन गुप्ता आदि यूनियन पदाधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।

